निरीक्षण — लापरवाही बरतने पर क्षेत्रीय संयोजक ने दिए निलंबन के निर्देश

# बंद मिले छात्रावास और गायब कर्मियों पर गिरेगी गाज



**मंडला, नवभारत।** क्षेत्रीय संयोजक विष्णु सिंगौर द्वारा विभिन्न छात्रावासों और आश्रमों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जहां एक ओर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में व्यवस्थाएं बेहद शानदार और रचनात्मक पाई गईं, वहीं दूसरी ओर लापरवाही बरतने वाले संस्थानों और लंबे समय से गायब कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की गई है। निरीक्षण के दौरान वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास घुघरी में व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता की पाई गईं। क्षेत्रीय संयोजक ने छात्राओं के लिए तैयार की जा रही गोभी और आलू की सब्जी का स्वाद व गुणवत्ता परखी, जो उत्तम पाई गई। छात्रावास के शौचालयों और स्नान कक्षों में स्वच्छता की स्थिति बेहतरीन थी तथा आगामी सत्र के लिए खाद्यान्न सामग्री का व्यवस्थित भंडारण पाया गया। हालांकि, इस दौरान रानी दुर्गावती शासकीय कन्या छात्रावास मधुपुरी बंद पाया गया, जिस पर संज्ञान लिया गया है।

### अधीक्षिका की वेस्ट से बेस्ट पहल की सराहना

छात्रावास अधीक्षिका ज्योत्सना मरकाम द्वारा छात्राओं में रचनात्मकता विकसित करने के लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों की सराहना की गई। उनके मार्गदर्शन में छात्राएं बेकार वस्तुओं, खासकर पानी की खाली बोतलों पर शानदार रंग-रोगन और चित्रकारी कर उन्हें आकर्षक सजावटी सामग्री में बदल रही हैं।

### नियमित कोचिंग और फीडबैक के निर्देश

क्षेत्रीय संयोजक ने अधीक्षिका को निर्देशित किया कि बरसात शुरू होने से पहले स्नान कक्षों के दरवाजों पर आवश्यक पेंटिंग करा ली जाए। साथ ही, छात्राओं के लिए नियमित रूप से कोचिंग कक्षाएं संचालित करने और पढ़ाई के बाद छात्राओं से सीधे फीडबैक लेने को कहा गया, ताकि शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम के अधीक्षक को परिसर के शौचालयों व स्नान कक्षों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई है। साथ ही, वहां के क्षतिग्रस्त दरवाजों की आवश्यक मर मत कराकर तीन दिन के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

### दो महीने से गायब दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी होंगे निलंबित

निरीक्षण के दूसरे हिस्से में जब श्री सिंगौर ने वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या आश्रम एवं राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम का संयुक्त दौरा किया, तो बड़ी लापरवाही सामने आई। अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कमलेश कुमार धुर्वे और अरविंद धुर्वे पिछले लगभग दो महीने से लगातार ड्यूटी से नदारद पाए गए। जिस पर निलंबन का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आश्रमों में खुद की शैक्षणिक व्यवस्था का खाका तैयार

निरीक्षण में यह गंभीर तथ्य भी सामने आया कि दोनों आश्रमों के बच्चों को पढ़ाई के लिए बाहर सांदीपनि विद्यालय घुघरी जाना पड़ता है, जो कि जनजातीय कार्य विभाग के आश्रमों की मूल अवधारणा के विपरीत है। इस विसंगति को दूर करने के लिए आश्रमों में ही पृथक शैक्षणिक व्यवस्था विकसित करने की संभावनाओं का परीक्षण किया जाएगा।

# नारायणगंज में पल्स पोलियो अभियान का शंखनाद

▶ 9 हजार से अधिक बच्चों को दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाने का लक्ष्य




**नारायणगंज, नवभारत।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत नारायणगंज ब्लॉक में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को सुरक्षा चक्र प्रदान करने की मुहिम रविवार 28 जून से शुरू हो गई है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महाअभियान के तहत ब्लॉक के कुल 9 हजार 119 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी सार्वजनिक स्थलों के साथ बस स्टेंड में भी पोलियो बूथ बनाया था। जिससे आने जाने वाले यात्री भी अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिला सके और कोई भी बच्चा छूट ना पाए।

अभियान की विस्तृत कार्ययोजना और तैयारियों की जानकारी देते हुए नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल ने बताया कि अभियान के पहले दिन को पोलियो रविवार के रूप में मनाया गया। इसके तहत ब्लॉक के प्रत्येक ग्राम में विशेष पोलियो बूथ स्थापित किए गए थे। इन बूथों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्परता से बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई। पहले ही दिन ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया और माता-पिता अपने नौनिहालों को लेकर बूथों पर पहुंचे।

### अगले दो दिन घर-घर जाएगी टीम

डॉ. अमृत लाल कोल ने बताया कि जो बच्चे किसी अपरिहार्य कारणवश पहले दिन बूथ तक नहीं पहुंच पाए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। अभियान के दूसरे और तीसरे दिन 29 और 30 जून स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीमें ब्लॉक के हर गांव और टोले में घर-घर जाकर भ्रमण करेंगी। इस मॉप-अप राउंड के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बच्चा इस जीवन रक्षक दवा से वंचित न रहे। प्रशासन ने सभी क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें और 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाएं। यह अभियान आगामी 30 जून तक अनवरत जारी रहेगा।

# जनजातीय कार्य विभाग ने समस्याओं के निराकरण हेतु लगाए शिविर



**मंडला, नवभारत।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार 27 जून को प्रत्येक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में समाधान शिविर लगाए गए।

शिविरों में विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों जैसे वेतनमान एरियर, महंगाई भत्ता (डीए) एरियर, लंबित वेतन, वेतन निर्धारण, वार्षिक वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित स्वत्वों से संबंधित आवेदनों को प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण करने की व्यवस्था की गई। विकासखंड स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण वहीं किया जाएगा, जबकि जिला कार्यालय से संबंधित प्रकरण सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, मंडला कार्यालय के माध्यम से निपटाए जाएंगे। वर्तमान में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से जिला कार्यालय स्तर पर कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। विभाग ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य अधीनस्थ कर्मचारियों को अपनी सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जनजातीय कार्य विभाग संवेदनशीलता के साथ कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष अभियान संचालित कर रहा है।

# सडक़ किनारे खड़े ट्रकों से बढ़ा हादसे का खतरा

**नैनपुर।** नैनपुर-बालाघाट मुख्य मार्ग पर अनाज गोदाम के पास सडक़ किनारे खड़े ट्रकों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से लगातार छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन रहता है, वहीं समीप स्थित सिविल अस्पताल में एम्बुलेंस और मरीजों का भी दिनभर आना-जाना लगा रहता है। रहवासियों के अनुसार सडक़ पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े ट्रकों के कारण मार्ग संकरा हो जाता है, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होती है और दुर्घटना का जोखिम बढ़ जाता है। विशेषकर रात के समय और अधिक यातायात होने पर स्थिति और गंभीर हो जाती है।

# छात्रों ने रैली निकालकर समाज को किया जागरूक

**मंडला, नवभारत।** नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय, मंडला में प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं हरित कोर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, पोस्टर, स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रा रिया और पलक ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रभावी वक्तव्य प्रस्तुत किए। वरिष्ठ व्याख्याता रीता पाठक ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।




कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि नशा ही नाश की जड़ है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर केंद्रित होने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी श्री प्रवीण अग्रवाल ने विद्यार्थियों को बोतल तोड़ो, नशा छोड़ो का प्रेरक नारा देते हुए जीवन में कभी भी नशा न करने की शपथ दिलाई। इसके बाद एनएसएस इकाई एवं हरित कोर क्लब के नेतृत्व में विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विशाल नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग देने का संदेश दिया।

# नैनपुर एवं थाना बिछिया में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**बिछिया/नैनपुर।** पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन में संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना नैनपुर एवं थाना बिछिया क्षेत्र में साइबर सुरक्षा संबंधी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

थाना नैनपुर क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन, एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी निरीक्षक मंशाराम वगेन के नेतृत्व में सिसोदिया नर्सिंग अस्पताल, नैनपुर एवं आसपास के कियोस्क (सीएससी) सेंटरों में अस्पताल स्टाफ, कियोस्क संचालकों एवं नागरिकों को ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई भुगतान, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम एवं अन्य साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इसी क्रम में थाना बिछिया परिसर में एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी की उपस्थिति एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रंजीत सैयाम के नेतृत्व में ऑनलाइन सीएससी, कियोस्क संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संचालकों को साइबर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ग्राहकों को सुरक्षित डिजिटल लेन-देन, संदिग्ध लिंक एवं ओटीपी साझा न करने तथा साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल का उपयोग करे।

# 29 .35 करोड़ के नवीन औद्योगिक क्षेत्र मोहनिया पटपरा का भूमिपूजन

▶ मंडला के उद्यमियों से सीधा संवाद कर जाना व्यापार का हाल



**मंडला, नवभारत।** अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के विशेष अवसर पर मंडला जिले को औद्योगिक विकास के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से मंडला जिले के नवीन औद्योगिक क्षेत्र मोहनिया पटपरा का वर्चुअल भूमि पूजन और शिलान्यास किया। 27.02 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आकार लेने वाले इस नवीन औद्योगिक क्षेत्र की अनुमानित लागत 29.35 करोड़ है। मंडला जिले में निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने वाली इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मंडला एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला जिले के सफल उद्यमियों और विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों से ऑनलाइन सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष अनिल वीरानी, उपाध्यक्ष व ओडीओपी इकाई संचालक सुरेंद्र पमनानी, एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के लाभार्थी अंकित अग्रवाल, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की हितग्राही श्रीमती आरती भांडे और मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के हितग्राही निकेत सराफ से उनके उद्यमों के संबंध में विस्तृत चर्चा की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मोहनिया पटपरा औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से मंडला जिले में स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं का पलायन रुकेगा और क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों को एक नई गति मिलेगी। इस जिला स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान एनआईसी कक्ष में पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत मीना, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, महाप्रबंधक (उद्योग) दिनेश कुमार मर्सकोले सहित स्थानीय उद्योगपति और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने जाना कैसे चलती हैं फैक्ट्रियां

▶ वाणिज्य संकाय के छात्रों ने सीखे उद्यमिता और राइस मिल प्रबंधन के गुर



**मंडला।** अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर स्थानीय ब्रेन चाइल्ड एकेडमी द्वारा कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों ने मोहनटोला स्थित न्यूट्रिजो मिलेट्स प्राइवेट लिमिटेड एवं सिद्ध बाबा राइस मिल का दौरा किया। इस अनूठे भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना और उनके सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक दुनिया से जोड़ना था।

**उत्पादन से लेकर ब्रांडिंग तक को समझा :** भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने कच्चे माल के आने से लेकर तैयार उत्पाद बनने तक की संपूर्ण उत्पादन श्रृंखला को देखा। उन्होंने फैक्ट्रियों में गुणवत्ता नियंत्रण, आपूर्ति प्रबंधन, वित्त, विपणन (मार्केटिंग) और ब्रांडिंग रणनीतियों जैसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

**उद्यमियों से सीधा संवाद :** औद्योगिक इकाई के संचालक परिवार से नमन पमनानी एवं तनिष्क पमनानी ने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने एक विशेष प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से छात्रों की शंकाओं का समाधान किया और उद्यमिता व भविष्य के करियर विकल्पों पर अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने माना कि इस भ्रमण से उन्हें व्यवसाय अध्ययन, अर्थशास्त्र और लेखाशास्त्र जैसे कठिन विषयों को गहराई से समझने में मदद मिली। विद्यालय के निदेशक निशांत शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन और शिक्षिकाओं नित्या चौरसिया व अर्चना पाठक की संकल्पना से यह आयोजन सफल रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों में नेतृत्व व नवाचार की भावना जगाने के लिए बेहद जरूरी बताया और उद्योग प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

▶ कलेक्टर की सख्ती के बाद एसडीएम का एक्शन

# अवैध कॉलोनी मामले में तथ्य छिपाने वाला पटवारी निलंबित

**नैनपुर, नवभारत ।** नैनपुर अनुभाग के अंतर्गत अवैध कॉलोनाइजिंग के एक गंभीर मामले में लापरवाही और तथ्य छिपाने पर प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे को प्राप्त हुई एक शिकायत के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर आशुतोष ठाकुर ने मामले की जांच कराई। जांच में दोषी पाए जाने पर तत्कालीन पटवारी अनिल तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम नैनपुर पटवारी हल्का क्रमांक 17/33 स्थित एक भूमि के नामांतरण की प्रक्रिया चल रही थी। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उक्त भूमि पर अवैध कॉलोनाइजिंग और अवैध प्लॉटिंग की गतिविधियां संचालित हो रही थीं। इसके बावजूद, तत्कालीन पटवारी अनिल तिवारी ने अपने प्रतिवेदन में इस अति-महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाया और वरिष्ठ कार्यालय को एक भ्रामक व सकारात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी।

**अपर कलेक्टर न्यायालय में लंबित था मामला :** तहसीलदार नैनपुर के जांच प्रतिवेदन और राजस्व अभिलेखों से यह भी साफ हुआ है कि उक्त विवादित भूमि पर अवैध कॉलोनाइजिंग का एक प्रकरण पहले से ही अपर कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालयीन मामला होने और अवैध गतिविधियों की पूरी जानकारी होने के बाद भी पटवारी द्वारा नामांतरण के पक्ष में रिपोर्ट देना, शासकीय कार्यों के प्रति उनकी गंभीर लापरवाही और संदेहास्पद भूमिका को दर्शाता है।

### निलंबन के आदेश जारी

इस गंभीर अनियमितता को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम आशुतोष ठाकुर ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत पटवारी श्री अनिल तिवारी के विरुद्ध निलंबन की दंडात्मक कार्रवाई की है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आई दो महिला, एक बच्चा

▶ अचानक बदले मौसम के बीच देवरी कला में आकाशीय बिजली गिरने से हादसा



**बबलिया।** क्षेत्र में अचानक बदले मौसम के मिजाज के बीच स्थानीय देवरी कला बबलिया में आकाशीय बिजली का तांडव देखने को मिला। यहाँ एक रिहायशी मकान पर तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर गई।

इस दर्दनाक हादसे में घर में मौजूद तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। जिनमें दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

बताया गया कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहाँ चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद, तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल मंडला रेफर कर दिया गया। फिलहाल घायलों का उपचार जारी है।

राहत — एसईसीआर ने जारी किया आदेश, 30 जुलाई तक शुरू होगी नई व्यवस्था

# मंडला फोर्ट स्टेशन पर अब रात में ही होगी ट्रेनों की सफाई



**मंडला, नवभारत।** क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार और यात्रियों की बुनियादी समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे स्वतंत्र रेल कार्यकर्ता नितिन सोलंकी की मुहिम आखिरकार रंग लाई है। मंडला फोर्ट टर्मिनल स्टेशन पर रात के समय घंटों खड़ी रहने वाली ट्रेनों में साफ-सफाई और पानी न भरे जाने की गंभीर समस्या का दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने संज्ञान ले लिया है। रेलवे ने आधिकारिक तौर पर इस व्यवस्था को सुधारने के लिए हरी झंडी दे दी है, जिससे क्षेत्र के रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेल कार्यकर्ता नितिन सोलंकी ने जनहित के तहत प्रधानमंत्री कार्यालय और रेलवे बोर्ड को एक शिकायत भेजी थी। उन्होंने अवगत कराया था कि वर्तमान समय सारणी के अनुसार, जबलपुर/नैनपुर की ओर से आने वाली पैसेंजर ट्रेन रात लगभग 12 बजे मंडला फोर्ट स्टेशन पर आकर खड़ी हो जाती है। इसके बाद यही ट्रेन अगले दिन सुबह 05.10 बजे मंडला फोर्ट-जबलपुर पैसेंजर (51704) के रूप में रवाना होती है। बताया गया कि यह रैक पूरे 5 घंटे तक मंडला फोर्ट स्टेशन पर निष्क्रिय खड़ा रहता था, लेकिन इसमें पानी भरने और सफाई की व्यवस्था यहाँ न होकर नैनपुर जंक्शन पर की जाती थी। नैनपुर में पानी भरने के बाद, ट्रेन के मंडला आने, रात भर खड़े रहने और सुबह रवाना होने के बीच एक लंबा समय बीत जाता था। इस वजह से सुबह यात्रा शुरू करने वाले यात्रियों—विशेषकर महिलाओं, वृद्धों और बच्चों को कोचों के शौचालयों में पानी की भारी किल्लत और गंदगी का सामना करना पड़ता था।

### रेलवे का सकारात्मक फैसला और समय-सीमा तय

नितिन सोलंकी द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक उपायों पर विचार करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के यांत्रिक विभाग ने सकारात्मक रुख अपनाया है। रेलवे द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार मंडला फोर्ट स्टेशन में सवारी गाड़ी की साफ-सफाई एवं पानी भरने संबंधी प्रस्तावित कार्य निजी अनुबंध 30 जुलाई तक प्रारंभ होने की संभावना है।